## संपादकीय

# चीन के इरादे

गलवान घाटी में संघर्ष के बाद चले लंबे गतिरोध के बीच खबर आई कि भारतीय व चीनी सैनिकों ने दस चौकियों पर नये साल के मौके पर मिठाइयां बांटी। उम्मीद जगी थी कि दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ अब पिघलने को है। लेकिन तभी चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स द्वारा एक चित्र सोशल मीडिया पर जारी किया गया, जिसमें चीनी राष्ट्रीय ध्वज लहराते सैनिकों को गलवान घाटी में बताया गया। साथ ही चीनी सैनिकों का वीडियो भी मंदारिन भाषा में जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि हम एक इंच जगह भी नहीं छोड़ेंगे। इस फोटो के साझा होने के बाद विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर हुआ और राहुल गांधी ने ट्विट करके प्रधानमंत्री से तीखे सवाल पूछे। इससे पहले भारत प्रशासित अरुणाचल के क्षेत्रों व नदियों के नाम बदलने की चीनी कोशिश को भारत ने कपोल-कल्पना बताकर खारिज किया था। ऐसे में चीन की अविश्वसनीय चालों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। एक ओर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित चौकियों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान और फिर भारत के इलाकों पर कुदृष्टि। तथ्य सार्वजनिक है कि पीएलए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगातार स्थायी बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। चीन को अपने इलाके में निर्माण का हक है लेकिन वह किसके लिये कर रहा है? इस सीमा पर कोई दूसरा देश भी नहीं है, जिससे चीन के दीर्घकालिक घातक मंसूबों का पता चलता है। अभी उपग्रह से मिलने वाली कुछ तस्वीरों के आधार पर मीडिया में खबर आई कि चीन पैंगोंग त्सो झील पर एक पुल का निर्माण कर रहा है जो तिब्बत-शिनजियांग राजमार्ग की दूरी 180 किलोमीटर घटा देगा, जिससे चीन की सेना को उत्तर और दक्षिण किनारे के बीच तेजी से सैनिकों की तैनाती में मदद मिलेगी। इसी उकसावे की कार्रवाई में चीन ने सेला पास, अरुणाचल के आठ गांवों और कस्बों, चार पहाड़ों और दो नदियों का नाम बदलकर उन्हें दक्षिण तिब्बत नाम दे दिया।

दरअसल, चीन भारत सरकार की ओर से वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्र पर किये जा रहे सामरिक निर्माण से बौखलाया हुआ है। भारत के सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित की जा रही सेला सुरंग के इस साल जून तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। दरअसल, इस सुरंग के जरिये अरुणाचल के तवांग में भारतीय सैनिकों की तेजी से आवाजाही में मदद मिलने वाली है। दरअसल, तवांग चीन सीमा से लगा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिला है। यह वही तवांग सेक्टर था जहां पिछले साल अक्तूबर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव हुआ था। उसके बाद कोर कमांडर स्तर की सैन्य वार्ता का 13वां दौर गतिरोध में समाप्त हुआ था। यही वजह है कि भारत सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करने के लिये गंभीर बातचीत न करने के लिये बीजिंग को जिम्मेदार ठहराती रही है। निस्संदेह, इस स्थिति में भारत को बेहद चौकस रहते हुए एलएसी के साथ बुनियादी ढांचे के विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए। दरअसल, इस इलाके में प्रतिरक्षा तैयारियों में तेजी लाने तथा रूस से अत्याधुनिक वायुरक्षा मिसाइल प्रणाली हासिल करने की कवायद चीन को परेशान कर रही है। हालांकि इसके बावजूद चीन की उकसावे की कोशिशों के बीच संयम बरतना भारत के लिए एक चुनौती होगी। फिर भी चीन के हर दुस्साहस का कड़ा जवाब दिया जाना होगा। विगत के अनुभवों को देखते हुए क्षेत्र में शक्ति संतुलन के लिये भारत की रक्षा तैयारियों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। हालांकि, भारतीय सैनिकों के गलवान घाटी में तिरंगा लहराने का चित्र सरकार द्वारा जारी करने के बाद चीनी मीडिया बचाव की मुद्रा में नजर आ रहा है। दलील दे रहा है कि सीमा पर गोलियों के बजाय मिठाई का आदान-प्रदान अच्छा है। यह भी कि भारतीय विपक्ष अपने राजनीतिक हितों के लिये सामरिक नीतियों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है। वहीं कूटनीतिज्ञ कह रहे हैं कि इस साल राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने तीसरे ऐतिहासिक कार्यकाल के लिये मैदान में उतरेंगे, इसीलिए वे घरेलू जनता व नेशनल पीपल्स कांग्रेस में अपनी राष्ट्रवादी नेता की छवि बनाने के लिये ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं।

# महामारी से प्रभावित क्षेत्रों की मदद के लिए 'सम्मिलित प्रयास' की जरूरत : सीतारमण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के नए रूप के बढ़ते संक्रमण के बीच कृषि और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए आने वाले दिनों में नयी सहायता उपाय किए जाने का संकेत देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महामारी के प्रकोप से प्रभावित क्षेत्रों की मदद के लिए 'सम्मिलित प्रयास' जारी रखने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों और कोरोना के नये रूप ओमिक्रॉन के फैलने से उत्पन्न चुनौतियों के बाद भी भारत में व्यावसायिक संभावनाओं का परिदृश्य अच्छा हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि खुदरा क्षेत्र में वृद्धि, समग्र आर्थिक संभावनाओं में सुधार तथा कर्ज लेने वालों की वित्तीय स्थिति मजबूत होने से कर्ज की मांग बढ़ने की संभावना है।

श्रीमती सीतारमण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कारोबार की समीक्षा कर रही थीं। इस बैठक में बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों तथा प्रबंध निदेशकों के अलावा वित्त राज्य मंत्री डॉ भगवंत किशनराव कराड़ और वित्तीय सेवा विभाग के सचिव देवाशीष पांडा तथा अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, वित्त मंत्री ने आपातकालीन ऋण-सहायता गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की सफलता



की सराहना की लेकिन कहा कि हमें अपनी उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट होकर बैठने का समय नहीं है। हमारा सम्मिलित प्रयास होना चाहिए कि कोविड-19 के प्रकोप के लगातार बने रहने से प्रभावित क्षेत्रों की हम मदद करें।

बयान के मुताबिक वित्त मंत्री ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे कृषि क्षेत्र, किसानों, खुदरा क्षेत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों की मदद जारी रखें। गौरतलब है कि सरकार ने कोविड-19 की दूसरी लहर से अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए मई 2020 में 20 लाख करोड़ रुपये का वृहद सहायता पैकेज घोषित किया था। उसके तहत नकदी संकट में घिरी एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयों के लिए बैंकों की ओर से अतिरिक्त कर्ज सहायता पर सरकारी गारंटी की ईसीएलजीएस योजना घोषित की गयी थी। उसके बाद से इस योजना को चार बार विभिन्न क्षेत्रों के लिए बढ़ाया जा चुका है, इसके अंतर्गत कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये के कर्ज की सुविधा करने का लक्ष्य है।

बैठक में श्रीमती सीतारमण ने कोविड-19 के कारण आर्थिक गतिविधियों में उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए निर्णयों के अनुपालन के लिए सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गयी।

उन्होंने भविष्य में कोविड-19 के कारण और व्यवधन होने पर उससे निपटने के लिए बैंकों की तैयारी का भी जायजा लिया। बैंकों की ओर से वित्त मंत्री को बताया गया, भारत में अब कर्ज चुकाने की संस्कृति अच्छी हो रही है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कारोबार में सुधार हुआ है तथा उन्होंने सरकार की नीतियों को अच्छा समर्थन दिया है ताकि अर्थव्यवस्था को दबाव से उबारा जा सके।

सरकारी बैंकों ने 2020-21 में 31,820 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था जो पिछले पांच वित्तीय वर्ष में सबसे ऊंचा है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में इन बैंकों का सम्मिलित शुद्ध लाभ 31,145 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष के लाभ के करीब करीब बराबर है।

इन बैंकों की पूंजी की स्थिति पर्याप्त रूप से मजबूत है। सितंबर 2021 के अंत में इनकी पूंजी भारांकित जोखिम वाले कर्ज (सीआएआर)के 14.4 प्रतिशत के बराबर थी जबकि नियम के अनुसार सीआरएआर 11.5 प्रतिशत पर्याप्त है।

# दिसंबर तिमाही में टाटा स्टील का उत्पादन दो प्रतिशत बढ़ा, पर बिक्री घटी

**नई दिल्ली ।** टाटा स्टील का एकीकृत स्टील उत्पादन चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दो प्रतिशत से अधिक बढ़कर 76.8 लाख टन रहा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एकीकृत इस्पात उत्पादन पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 75.1 लाख टन रहा था। हालांकि, अक्टूबर-दिसंबर 2021 के दौरान उसकी एकीकृत बिक्री लगभग तीन प्रतिशत घटकर 68.8 लाख टन रह गई, जो एक साल पहले की अवधि में 70.9 लाख टन थी। टाटा स्टील ने देश में दिसंबर 2021 की तिमाही में 48 लाख टन स्टील का उत्पादन किया, जबकि एक साल पहले यह उत्पादन 46 लाख टन था। भारत में बिक्री एक साल पहले 46.5 लाख टन के मुकाबले घटकर 44.1 लाख टन रह गई। टाटा स्टील यूरोप ने एक साल पहले 25.9 लाख टन के मुकाबले इस बार 25.6 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया, जबकि यूरोप में बिक्री पहले के 21.1 लाख टन से बढ़कर 21.5 लाख टन हो गई। उक्त अवधि के दौरान टाटा स्टील दक्षिणपूर्व एशिया का उत्पादन एक साल पहले के 3.2 लाख टन की तुलना में इस बार 3.2 लाख टन पर स्थिर रहा। इसकी बिक्री एक साल पहले की अवधि के 3.3 लाख टन की तुलना में 3.2 लाख टन रही।

# वर्ष 2021-22 में जीडीपी वृद्धि 9.2 प्रतिशत रहेगी : एनएसओ का अनुमान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष 2021-22 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। पिछले वित्त वर्ष में कोरोना के चलते जीडीपी 7.3 प्रतिशत संकुचन हुआ था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार वृद्धि 9.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

एनएसओ की एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक वर्ष 2021-22 में वास्तविक या स्थिर कीमत (2011-12 के कीमत स्तर) पर 147.54 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जबकि अनंतिम




अनुमान के अनुसार 2020-21 का जीडीपी 135.13 लाख करोड़ रुपये था जो 31 मई 2021 को जारी किया गया था। बयान के मुताबिक इस तरह पिछले वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत संकुचन की तुलना में चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

एनएसओ के अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्तमान कीमत पर 2021-22 का जीडीपी 232.15 लाख करोड़ रुपये रहेगा। 2020-21 में वर्तमान कीमत पर जीडीपी सालाना आधार पर घट कर 197.46 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

वर्तमान कीमतों पर वर्ष 2021-22 की जीडीपी वृद्धि दर 17.6 प्रतिशत रहेगी।

सीएसओ के अनुसार चालू कीमत पर देश का सकल मूल्य वर्ष जीएवी 210.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो 2020-21 में 179.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह जीएवी में वृद्धि 17.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

जीडीपी में सब्सिडी को जोड़ने और करों को घटाने से जीवीए प्राप्त होता है। चालू वित्त वर्ष के जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान 28 फरवरी को जारी किया जाएगा।

# सीतारमण ने एलआईसी के आईपीओ की तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रस्तावित प्रथम सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) के लिए तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलआईसी आईपीओ की प्रगति की नयी दिल्ली में आज समीक्षा की। जिसमें दीपम(निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंध विभाग) के सचिव, वित्तिय सेवा विभाग के सचिव एलआईसी इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी और वित्त मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। समीक्षा बैठक वीडियो कांन्फ्रेंस के जरिए की गई, सरकार देश की सबसे बड़ी और पुरानी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के शेयरों की पहली बार सार्वजनिक बिक्री करने का फैसला किया है। एलआईसी का आईपीओ चालू वित्तिय वर्ष की तीसरी तिमाही लाया जा सकता है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने कल कहा था कि सरकार एलआईसी के सार्वजनिक निर्गम की सफलता बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की नीति में बदलाव करेगी। वर्तमान नियमों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों को 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी की अनुमति है लेकिन एलआईसी के मामले में यह नियम लागू नहीं है।

# हरियाणा स्टीलर्स ने चैंपियन बंगाल वारियर्स को 41-37 से हराया



**बेंगलुरु ।** ऑलराउंडर मीतू (10 अंक) और कप्तान विकाश कंडोला (9 अंक) के अलावा अपने डिफेंडर्स मोहित एवं सुरेंडर नाडा के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी लीग के आठवें सत्र के 38वें मुकाबले में गत चैंपियन बंगाल वारियर्स को 41-37 से हरा दिया।

हरियाणा के रेडर्स ने कुल 24 अंक बटोरे जबकि बंगाल ने रेड से 21 अंक जुटाए। मीतू के 10 रेड अंकों की बदौलत हरियाणा ने बंगाल को दबाव में रखा। हरियाणा को आल आउट से चार अंक भी मिले। डिफेंस में हरियाणा को 12 और बंगाल को 13 अंक मिले। बंगाल की तरफ से मनिंदर सिंह ने सर्वाधिक 14 अंक बनाये। हरियाणा अब अपनी तीसरी जीत और 20 अंकों के साथ छठे स्थान पर आ गया है जबकि बंगाल 17 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

दोनों टीमों का यह सातवां मैच था। हरियाणा ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उसे हार मिली है। एक मुकाबला टाई भी रहा है। बंगाल को तीन मैचों में जीत और चार मैचों में हार मिली है। बंगाल ने अपने स्टार रेडर मनिंदर सिंह (14 अंक) के सीजन के पांचवें सुपर-10 की बदौलत जीत हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन अपनी टीम के दो बार ऑल आउट होने के कारण वह सफल नहीं हो सके।

बंगाल ने 13 मिनट के भीतर हरियाणा को ऑल आउट कर 13-7 की लीड ले लेकिन हरियाणा ने बेहतरीन वापसी करते हुए पहले हाफ के अंत तक स्कोर 15-18 कर दिया। साथ ही साथ उसने बंगाल को ऑल आउट की कगार पर भी धकेल दिया।

# शिल्पा शेट्टी अब लिखेंगी अपने बच्चों पर एक डायरी कडुल्स विद माई लिटिल वन्स

बॉलीवुड की प्रतिभाशाली एवं चर्चित अभिनेत्री जोकि अपनी फिटनेस और अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, वे अब अपने बच्चो के क्रियाकलापों पर एक डायरी कडुल्स विद माई लिटिल वन्स की लिखने की शुरुआत करने जा रही हैं। इस बात की जानकारी स्वयं अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट साझा करके दी हैं।

शिल्पा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से अपने बच्चों के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि, बीते दो साल हम सभी के



लिए उतार चढ़ाव से भरे हुए रहें हैं।इस साल मैं एक अनोखी चीज को अपनी डायरी में नोट करना चाहूंगी जिसके लिए में अपने आप को भाग्यशाली मानती हूं। मैं अपने बच्चों के लिए एक नई डायरी सीरीज कडुल्स विद माई लिटिल वन्स को लिखने की शुरुआत कर रहीं हूं। इन दो बच्चों के लिए मैं भगवान की आभारी हूं।

बता दें कि, शिल्पा को लिखने का काफी शौक है वे बहुत सी चीजों पर लिखती रहती हैं। इतने दिनों तक भिन्न भिन्न विषयों पर लिखने के बाद अब वे अपने बच्चों के बारे में लिखने जा रही हैं। मां बनने के बाद से ही शिल्पा काफी जिम्मेदार हो गई हैं। आपको बता दें कि, हाल ही में पोरोनोग्राफी के केस में लिप्त पाए गए उनके पति राज कुंद्रा को लेकर वे काफी डिप्रेशन में चली गई थी लेकिन कुछ दिन बीत जानें के बाद उन्होंने इस मुश्किल घड़ी का सामना किया और अब सबकुछ ठीक है।

# 2022 में कृति सेनन की पांच फिल्में होंगी रिलीज

कृति सेनन की 2022 में पांच फिल्में रिलीज होंगी। सभी फिल्में अलग-अलग शैलियों से संबंधित हैं। वह अपनी पिछले साल की रिलीज मिमी को अपनी कला में निखार लाने का श्रेय देती हैं। बीते हुए साल पर विचार करते हुए, कृति कहती हैं कि पेशेवर रूप से 2021 एक अद्भुत वर्ष था। मिमी को जिस तरह का प्यार मिला है, वह बेहद जबरदस्त है और इसने न केवल मुझे एक एक्टर के रूप में जोखिम लेने के लिए और अधिक आश्वस्त किया है, बल्कि मुझे मजबूत भी बनाया है।



आने वाले वर्ष में और अधिक प्रयोग करने वाली भूमिकाएँ निभाने की आशा करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया कि जो बात मुझे सबसे अधिक उत्साहित करती है, वह यह है कि ये सभी परियोजनाएँ पूरी तरह से अलग शैलियों और दुनिया से संबंधित हैं। इसलिए 2022 में फैंस के बहुत कुछ है।

## आज का राशिफल

मेष : यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी। वैवाहिक जीवन के लिए विशेष दिन है।

वृष: अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है।

मिथुन: अपने विचार और ऊर्जा को उन कामों में लगाएं, जिनसे आपके सपने हक़ीक़त का रूप ले सकते हैं। सिर्फ़ ख़याली पुलाव पकाने से कुछ नहीं होता है।

कर्क : दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इनसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा।एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केंद्र होंगे।

सिंह : आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे, आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक्त में ही कर देंगे, जितना वक्त आप अक्सर लेते हैं।

कन्या : जो समस्याएँ आपको परेशान कर रही हैं, उन्हें हल करने के लिए होशियारी, चतुरता और कूटनीति के दाव-पेंचों की ज़रूरत है।

तुला: आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। आर्थिक जीवन की स्थिति आज अच्छी नहीं कही जा सकती आज आपको आपको बचत करने में मुश्किलें आ सकती हैं।

वृश्चिक : आज आप ख़ुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। घर में तालमेल बनाए रखने के लिए साथ में मिलकर काम करें।

धनु: शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मज़बूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें।

मकर: अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। कुछ समय आप अपने शौक़ और अपने परिवार वालों की मदद में भी ख़र्च कर सकते हैं।

कुंभ: बच्चे आपकी शाम को ख़ुशी की चमक लाएंगे। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुज़र रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है। इस राशि के छात्र-छात्राएं आज अपने कीमती समय का दुरुपयोग कर सकते हैं।

मीन : स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी।

# बनाएं केले की बर्फी

केले की बर्फी का स्वाद कभी लिया है आपने? अगर नहीं तो यहां सीखें इसे बनाने का तरीका और इस फेस्टिवल सबका मुंह मीठा करें इस मिठाई के साथ।



### सामग्री :

केला- 4 से 5, घी- 2 टेबलस्पून, दूध- डेढ़ कप, चीनी- 1 कप, नारियल- 1 कप (कद्दूकस किया), इलायची पाउडर- 1 टीस्पून, अखरोट- आधा कप, बादाम-अखरोट- टीस्पून (बारीक कटा)

### विधि :

केले को अच्छे से मैश करें। फिर पैन में दूध और केला डालकर लगातार चलाते हुए गाढ़ा होने तक पका लें। इसके बाद कड़ाही में घी डालकर गर्म करें और इसमें दूध और केले का मिक्सचर डालकर लगातार चलाते हुए पांच मिनट तक भूनें। फिर इसमें चीनी, नारियल, अखरोट और इलायची पाउडर डालकर मिक्स कर लें। जब मिक्सचर ड्राय हो जाए तब गैस बंद कर दें। प्लेट पर घी लगाकर चिकना करें और इसमें मिक्सचर फैला दें और बारीक कटे बादाम और अखरोट डालकर ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए, तब इसे मनचाहे शेप में काटकर सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 314

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# सू-दोकू- 314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.313 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |